ई.एच.आई.-01

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
(बी.डी.पी.)

सत्रीय कार्य
(जुलाई 2024 और जनवरी 2025 सत्रों के लिए)

पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-01
पाठ्यक्रम शीर्षक : आधुनिक भारत, 1857-1964

इतिहास संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

सत्रीय कार्य

2024-2025

कार्यक्रम कोड : बी.डी.पी.
पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-01

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि आपको बी.डी.पी. की कार्यक्रम दर्शिका में बताया गया है आपको इस ऐच्छिक पाठ्यक्रम के लिए एक अध्यापक जांच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) करना होगा।

सत्र	जमा करने की तिथि	कहां जमा करना है
जुलाई 2024 सत्र के लिए	**31 मार्च 2025**	**पूरा किया हुआ सत्रीय कार्य अपने केंद्र के संयोजक के पास जमा करा दें।**
जनवरी 2025 सत्र के लिए	**30 सितम्बर 2025**	

सत्रीय कार्य में दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लीजिए।

सत्रीय कार्य करने से पहले कुछ बातें :

सत्रीय कार्य करने से पहले ध्यान रखें : सामाजिक विज्ञानों में किसी भी तरह के लेखन के लिए चार सोपान आवश्यक हैं। ये हैं (क) योजना (ख) वस्तु चयन (ग) प्रस्तुतीकरण (घ) व्याख्या

क) **योजना** : आपसे क्या प्रश्न पूछा गया है और उत्तर में क्या लिखना है। इस पर विचार कीजिए। इकाइयों का ठीक तरह से अध्ययन कीजिए। कुछ अतिरिक्त जानकारी चाहें तो पुस्तकालय का उपयोग कीजिए।

यह देखें कि प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में देना है या 250 शब्दों में या सिर्फ 100 शब्दों में। बड़े प्रश्नों के लिए विवरणों के साथ व्याख्या भो करनी होगी। तीसरे प्रकार के प्रश्न के उत्तर में संगत विवरणों को संक्षेप में प्रस्तुत करें।

ख) **वस्तु चयन** : उत्तर देने के लिए आपको सही तथ्यों तथा विवरणों का चयन करना होगा। इसके लिए आप (i) अपनी इकाइयों से नोट्स ले, (ii) तथ्यों को ध्यान से देखें और उत्तर के लिए अनावश्यक विवरण निकाल दें, और (iii) उत्तर का पहला खाका लिख लें। इससे आपको यह समझने में मदद मिलेगी कि आप उत्तर में क्या सूचनाएं/विवरण प्रस्तुत करना चाहते हैं।

ग) **प्रस्तुतीकरण** : अब आप उत्तर का दूसरा खाका तैयार करें। इससे आप अपने विचारों को स्पष्टता से व्यक्त कर सकेंगे। आप यह भी जान सकेंगे कि दी गयी शब्द सीमा में आप बात कैसे कह सकते हैं।

उत्तर का तीसरा और अंतिम प्रारूप तैयार कीजिए और देखिए कि आपने सारी आवश्यक बातें अपेक्षित शब्द सीमा में प्रस्तुत की हैं या नहीं।

घ) **व्याख्या** : इतिहास लेखन में व्याख्या की प्रक्रिया का अनन्य स्थान है। आपकी योजना तथा वस्तु चयन में भी व्याख्या की झलक दिखाई देगी। संभवतः, शायद, क्योंकि, इसलिए, आदि शब्दों के साथ आपके वक्तव्य व्याख्या की झलक देते हैं। यहां आपको ध्यान रखना होगा कि आपके तथ्य आपके वक्तव्य का समर्थन करते हैं अथवा नहीं।

टिप्पणी : अगर आपके पास समय सीमित हो तो :

1) पहला प्रारूप तैयार करें, उत्तर की संगतता, शब्द सीमा, आदि पर ध्यान दें, और
2) अंतिम प्रारूप तैयार करें।

अब आप उत्तर लिखने के लिए तैयार होंगे।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य
ई.एच.आई.-01
आधुनिक भारत, 1857-1964

पाठ्यक्रम कोड : ई.एच.आई.-01
सत्रीय कार्य कोड : ई.एच.आई.-01/
ए.एस.टी./टी.एम.ए./2024-2025
पूर्णांक : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के आगे अंक दिए गए हैं।

भाग 1: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।

1) भारतीय अर्थव्यवस्था पर उपनिवेशवाद के प्रभाव की चर्चा कीजिए। **20**

अथवा

औपनिवेशिक भारत में विभिन्न प्रकार की भूमि-व्यवस्थाओं का वर्णन कीजिए।

2) उन्नीसवीं शताब्दी के भारत में समाज सुधार आन्दोलनों पर एक टिप्पणी कीजिए। **20**

अथवा

नागरिक अवज्ञा आन्दोलन के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए।

भाग 2: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।

3) 1857 के विद्रोह के कारणों की व्याख्या कीजिए। **12**

अथवा

पश्चिम और दक्षिण भारत में गैर-ब्राह्मण आन्दोलन की विवेचना कीजिए।

4) बंगाल में स्वदेशी आन्दोलन पर एक टिप्पणी लिखिए। **12**

अथवा

खिलाफत आन्दोलन किस प्रकार से असहयोग आन्दोलन से सम्बन्धित था?

5) भारत के विभाजन के कारणों की व्याख्या कीजिए। **12**

अथवा

1947 के बाद उद्योगीकरण के विकास में भारत सरकार की भूमिका की विवेचना कीजिए।

6) क्रिप्स प्रस्ताव क्या थे? कांग्रेस ने उन्हें क्यों अस्वीकार कर दिया? **12**

अथवा

मांटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधारों पर विस्तृत चर्चा कीजिए।

भाग 3: प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।

7) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए : **6+6**

(i) आज़ाद हिन्द फौज
(ii) भारतेन्दु हरिशचन्द्र
(iii) तेलंगाना आन्दोलन
(iv) गुट-निरपेक्ष आन्दोलन।